

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कर्मियों के निलंबन को यूकेडी ने दी आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल के युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट के साथ राजपुर थाना क्षेत्र की पुलिस की की गई लूटपाट व अभ्रदता को उक्रांद किसी भी हद तक बर्दाश्त नही करेगा। दल आर–पार की लड़ाई प्रदेश स्तर पर करेगी। यहां दल की दल की अति आवश्यक बैठक पार्टी कार्यालय में की गयी। जिसमे तय हुआ है कि युवा अध्यक्ष के साथ पुलिस द्वारा की गई लूट पाट व अभ्रदता को लेकर निर्णय लिया कि पुलिस सम्बंधित थाने सिपाहियों से लेकर थानाध्यक्ष पर अविलम्ब निलम्बन की कार्यवाही नहीं करती है तो दल प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन उग्र रूप से करेगा।

### प्रवासी उत्तराखंड़ियों ने भी थामां यूकेडी का दामन

**संवाददाता** देहरादून। उक्रांद परिवार में अब जनता का रुझान और विश्वास बढ़ता जा रहा है राज्य के बने इन 20 वर्षो में भाजपा कॉंग्रेस ने बर्बादी की और राज्य को ले गये इसलिये जनता अब उक्रांद के संघर्ष को समझते हुए शामिल प्रवासी उत्तराखंडी भी शामिल हो रहे है। इस अवसर पर दल में अनेक लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर दल की मजबूती के लिए एकजुटता का परिचय देते हुए कार्य करने का संकल्प लिया। प्रवासी उत्तराखंडी संजय उनियाल, पंचकूला चंडीगढ़ निवासी व मूल निवास पौडी नालाई पटवालस्यू पट्टी यूकेडी में शामिल हुए है।



### दून में माता की प्रतिमा विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ दुर्गा महोत्सव

**संवाददाता** देहरादून। चार दिवसीय दुर्गा पूजा के बाद पंडालों में सजी दुर्गा की प्रतिमा का दशमी के दिन विसर्जन किया गया। शहर के देहरादून दुर्गाबाड़ी पूजा समिति, यंग बॉयज क्लब ओल्ड डालनवाला, बंगाली लाइब्रेरी करनपुर, कालीबाड़ी पूजा समिति आराघर में स्थापित प्रतिमाओं को विसर्जन से पूर्व विधि विधान के पूजा, भोग लगाकर पूजा की गई। साथ ही माता को विदा कर अगले वर्ष का निमंत्रण की कामना की गई। ओएनजीसी की दुर्गाबाड़ी समिति से जुड़े सदस्यों ने सुबह पंडाल में माता का विधि–विधान से पूजा के बाद वाहन के माध्यम से हरिद्वार, विकासनगर विसर्जन के लिए रवाना किया गया। वहीं, रायपुर समिति दोपहर एक बजे को मालदेवता में प्रतिमा को विसर्जित किया गया।

# नैनीझील अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए दुनिया भर में जानी जाती है

**लोकर्पण**

■सीएम ने यूएनडीपी के सहयोग से स्थापित दिव्य नैनीझील जल गुणवत्ता आंकलन प्रणाली का लोकर्पण किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को अपने एक दिवसीय नैनीताल भ्रमण के दौरान नैनीझील में एक करोड़ की लागत से यूएनडीपी के सहयोग से स्थापित दिव्य नैनीझील जल गुणवत्ता आंकलन प्रणाली का लोकर्पण किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीझील अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए दुनिया भर में जानी जाती है व सदैव से ही पर्यटकों को आकर्षित करती रही है। उन्होने कहा कि नैनीझील हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। उन्हांने जिला प्रशासन व यूएनडीपी को इस अभिनव पहल के लिए बधाई देते हुए सभी से नैनीझील को स्वस्थ व स्वच्छ रखने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि जल गुणवत्ता




प्रणाली जल संरक्षण के साथ ही जल की निर्मलता बनाये रखेगी। प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रदेश की नदियों, झीलों तालाबों और जलस्रोतों को पुर्नजीवित करने के लिए व्यापक जन अभियान शुरू किया गया है, जिसमें सफलता मिली है। कोसी, गगास, रिस्पना, शिप्रा मे व्यापक वृक्षारोपण किया गया है। सौंग व जमरानी बांध बनने से 125 करोड की बिजली बचत होगी। उन्होंने कहा अल्मोडा में तडागताल पुर्नजीवन एवं संरक्षण हेतु 10 करोड रूपये जारी कर दिये गये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन प्रदेश है। यहां अतिथि देव भवः के साथ ही स्थानीय उत्पाद व स्थानीय भोजन को बढावा देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे होम स्टे को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में 2200 होम स्टे संचालित है इनको और बढाया जायेगा। उन्होने कहा कि स्थानीय शिल्प को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार ने आवास नीति के तहत स्थानीय शिल्प में बनाये जा रहे भवन में एक अतिरिक्त मंजिल बनाने की स्वीकृति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल में एसटीपी व पार्किग के निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है। बलिया नाले पर अल्पकालीन व दीर्घकालीन दोनों योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा रैमजे चिकित्सालय को पीपीपी मोड पर चलाये जाने हेतु शीघ्र विज्ञप्ति जारी की जायेगी ताकि यहां की जनता व आने वाले पर्यटकों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिल सके।

क्षेत्रीय विधायक संजीव आर्य ने जनपद आगमन पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद अदा करते हुये जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यो की तारीफ की।

### प्रदर्शन से स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को नैनीझील को स्वच्छ रखने हेतु जागरूकता बढेगी

मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुये जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि जल गुणवत्ता के सत्त मापन हेतु मल्लीताल पम्प हाउस तथा तल्लीताल एरियेसन प्लांट मे एक–एक प्रोटियएस सेंसर स्थापित किये गये है। जिनसे झील के पानी की गुणवत्ता सम्बन्धित आंकणों को तल्लीताल डांठ महात्मा गांधी के मूर्ति के समीप एलईडी स्क्रीन पर आम जनमानस के लिए प्रसारित किया गया है। इससे झील की गुणवत्ता सम्बन्धित आंकडों के सत्त प्रदर्शन से स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को नैनीझील को स्वच्छ रखने हेतु जागरूकता बढेगी। जल गुणवत्ता के विस्तृत आंकडों एवं चेतावनी एसएमएस एवं मोबाइल एप द्वारा लोगों को प्रसारित की जायेगी। इन सेन्सरों द्वारा बायो कैमिकल ऑक्सीजन डिमांड, टोटल आर्गेनिक कार्बन, डिजाल्व आर्गेनिक कार्बन, प्रेशर क्लोराइड, पीएच टैम्प्टर, नाइट्रेट टरबीटीटी, क्रूड आयल आदि तत्वों से परिणामों का पता चलेगा। इस प्रणाली से नैनीझील के अन्तर्जलीय वनस्पति एवं जीव जन्तुओं हेतु अनुकूल पर्यावरण विकास एवं प्रबन्धन करते हुए झील का संरक्षण किया जा सकेगा।

# कोचिंग संस्थानों को शीघ्र खोलने की मांग

**स्थगित**

■ डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया

देहरादून। **संवाददाता**

राज्य में बंदी के चलते समाप्त होती कोचिंग संस्थाओं एवं उनमें कार्यरत हजारों बेरोजगार शिक्षित युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए कोचिंग संस्थानों को शीघ्र ही खोले जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

उत्तरांखड नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता संस्थापक अध्यक्ष व महासचिव सुशील कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय में



इकटठा हुए और राज्य में बंदी के चलते समाप्त होती कोचिंग संस्थाओं एवं उनमें कार्यरत हजारों बेरोजगार शिक्षित युवाओं के परिपेक्ष्य में ज्ञापन जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से उत्तराखंड नवनिर्माण सेना द्वारा पूर्व में भी कोचिंग सेंटरों एव समस्त ट्रेनिंग सेंटरों को खोलने के परिपेक्ष्य में ज्ञापन पूर्व में जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से राज्य मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया था, लेकिन आज तक उस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। बीते दिनों कैबिनेट की बैठक में राज्य के समस्त कोचिंग सेन्टर एव समस्त ट्रेनिंग सेंटरों को पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय जिलाधिकारी पर छोड़ा गया था। किंतु पर्याप्त समय गुजतने के उपरांत भी हरिद्वार को छोड़ राज्य के अन्य जिलों में न तो जिलाधिकारी किसी कथन को सुनाने को तैयार है न ही राज्य के हजारों शिक्षित बेरोजगार युवाओं की संवेदनाओं को किसी स्तर पर समझने को तैयार हैं।

ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में राज्य में 200 से ऊपर आत्महत्या की दुर्भग्यपूर्ण घटनाएं गत 3 माह में घटित हो चुकी हैं जिसमें ज्यादातर युवा है। हाल में आर्थिक स्थिति बिगड़ने के चलते देहरादून में कोचिंग सेंटर संचालक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और इस तरह के विभिन्न दुर्भग्यपूर्ण घटनाएं संपूर्ण प्रदेश में घटित हो रही ह।

### शहीद स्मारक के लिए भूमि का आवंटन की मांग को यूकेडी का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। ऋषिकेश स्थित शहीद स्मारक के ध्वस्तीकरण के बाद आईएसबीटी ऋषिकेश में भूमि आवंटन किये जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल एवं उत्तराखंड शहीद स्मारक समिति के कार्यकर्ताओं व आंदोलनकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा और कहा कि जल्द ही कार्यवाही न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा।
यूकेडी के संरक्षक व पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष त्रिवेन्द्र सिंह पंवार के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुए ओर ऋषिकेश स्थित शहीद स्मारक के ध्वस्तीकरण के बाद आईएसबीटी ऋषिकेश में भूमि आवंटन किये जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।